राजकीय पॉलीटेक्निक, मनकेंड़ा, आगरा।

(प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार)

पत्रांकः 1485 /रापामआ/शैक्षिक–अतिथि/2024–25 दिनांक 27/02/2025

–सार्वजनिक सूचना–

शैक्षिक सत्र 2024–25 के सम समेस्टर के लिए संस्था राजकीय पॉलीटेक्निक मनकेडा, आगरा के पाठ्यकमों में शिक्षण प्रशिक्षण कार्य कराये जाने हेतु अतिथि प्रवक्ता की आवश्यकता है, जिसका विवरण निम्नवत है–

क0सं0	विषय/पाठ्यकमका नाम	अतिथि व्याख्याताओं की आवश्यकता	न्यूनतम शैक्षिक अर्हता ए0आई0सी0टी0ई0 मानक के अनुसार	निर्धारित मानदेय
1	सिविल अभि0	01	बी0टेक0 सिविल अभि0 प्रथम श्रेणी	दर रू0 400/प्रति थ्योरी लैक्चर, दर रू0 200/प्रति प्रयोगात्मक पीरियड,बी0टेक0डिग्री धारक को अधिकतम रू0 15000/–प्रतिमाह एम0टेक0/पी0एच0डी0 डिग्री धारको को दर रू0 450/प्रति थ्योरी लैक्चर दर रू0 225/प्रति प्रयोगात्मक पीरियड, प्रतिमाह अधिकतम रू0 20000/–

उपरोक्तानुसार चयनित अतिथि प्रवक्ता का चयन पूर्णतः अस्थाई, दैनिक वादन मानदेय के आधार पर एवं एक सत्र 2024–25 हेतु किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 06.03.2025 को प्रातः 10:00 बजे राजकीय पॉलीटेक्निक मनकेड़ा, आगरा में आयोजित किये जाने वाले साक्षात्कार के समय अपने समस्त शैक्षिक(पत्राचार/दूरस्थ शिक्षा पाठ्यकम मान्य नहीं) एवं अनुभव (यदि कोई हो) की छाया प्रति के साथ सादे कागज पर लिखित अथवा टंकित आवेदन पत्र/प्रार्थना पत्र एवं मूल अभिलेखों/प्रमाण पत्रों सहित उपस्थित हो सकते है। आवेदकों को आने–जाने का कोई किराया भत्ता देय नहीं होगा। आवेदन जमा करने वाले समस्त पात्र अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जायेगा जिसके उपरान्त योग्य उम्मीदवार को अतिथि व्याख्याता के रूप में मात्र एक सत्र 2024–25 हेतु रखा जायेगा। यदि नियमित शिक्षक विभाग द्वारा नियुक्त कर दिये जाते है तो नियमित शिक्षक की नियुक्ति की तिथि से अतिथि प्रवक्ताओं को पठन–पाठन कार्य से मुक्तकर दिया जायेगा। किसी भी अतिथि प्रवक्ता को छात्र फीडबैक/अनुशासन के आधार पर कभी भी बिना पूर्व सूचना प्राप्त कराये संस्था से हटाया जा सकता है। अधिक जानकारी हेतु संस्था में सम्पर्क करें।

प्रधानाचार्य

27/2/25

प्रधानाचार्य
राजकीय पॉलीटेक्निक
मनकेड़ा, आगरा

कार्यालय –प्रधानाचार्य राजकीय पॉलीटेक्निक, मनकेड़ा, आगरा।

पत्रांक 1486-89/रापामआ/शैक्षिक–अतिथि/2024–25 दिनांक 27/02/25

प्रतिलिपि–निम्नलिखितकोसूचनार्थ एवंआवश्यक कार्यवाहीहेतुप्रेषित।

1–वेबसाइट अधिकारी राजकीय चर्म संस्थान, आगरा।

2–वेबसाइट अधिकारी राजकीय पॉलीटेक्निक, मनकेड़ा, आगरा/राजकीय पॉलीटेक्निक, शमशाबाद, आगरा।

3–राजकीय चर्म संस्थान के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

4–नोटिस बोर्ड संस्थागत।

प्रधानाचार्य

27/2/25

प्रधानाचार्य
राजकीय पॉलीटेक्निक
मनकेड़ा, आगरा

Scanned with OKEN Scanner